दिन– शुक्रवार दिनांक– 29/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज से बिहार के दो दिनों के दौरे पर हैं। वित्त मंत्री आज दरभंगा के राज मैदान में आयोजित क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत ऋण वितरण समारोह में भाग लेंगी। इस दौरान वह पैंतालीस हजार लाभुकों के बीच एक हजार तीन सौ करोड़ रूपये का ऋण वितरित करेंगी। दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम से पूर्व वित्त मंत्री ने पटना में पूर्वी क्षेत्र के आठ ग्रामीण बैंकों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बैकों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इससे पूर्व पटना हवाई अड्डे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन का स्वागत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल और पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने किया। वित्त मंत्री कल मधुबनी के झंझारपुर स्टेडियम में दूसरे क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भाग लेंगी। वह मिथिला हाट का दौरा कर मिथिलांचल की कला, शिल्प और व्यंजनों को भी करीब से देखेंगी। श्रीमती सीतारामन मिथिला चित्रकला संस्थान में मिथिला चित्रकला के कलाकारों और पद्म पुरस्कार विजेताओं से भी बातचीत करेंगी।

---

केंद्र सरकार ने बिहार सहित देश के तेईस राज्यों के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए लगभग तीन हजार तीन सौ करोड़ रुपये की चालीस परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में सहरसा जिले की प्रसिद्ध मत्स्यगंधा झील का विकास और कैमूर जिले के करमचक इको–टूरिज्म एडवेंचर हब को भी विकसित किया जाएगा। मत्स्यगंधा झील में राजगीर के बाद राज्य का दूसरा ग्लास ब्रिज विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं, कैमूर का करमचक साहसिक पर्यटन में रूचि रखने वालों को आकर्षित करेगा। उपमुखमंत्री सम्राट चौधरी ने उत्तर और दक्षिण बिहार में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि इससे दोनों जिलों में स्थानीय लोगों को हस्तशिल्प, होटल और परिवहन जैसे क्षेत्रों में रोजगार मिलेगा।

---

बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र का आज अंतिम दिन है। आज दोनों सदनों में कई गैर सरकारी संकल्प पर चर्चा हो रही है। सत्र के दौरान राजद सहित अन्य विपक्षी दलों ने बिजली स्मार्ट प्रीपेड मीटर और रोजगार के मुद्दे पर हंगामा किया। राजद के विधायक अख्तरूल इस्लाम साहीन ने कहा कि बीपीएससी और सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए अलग–अलग नियम बनाया जा रहा है, इससे छात्रों में आक्रोश है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि सभी परीक्षाओं में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

———————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जल्द ही स्नातक छात्रों के लिए डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि कम करने या उसे बढ़ाने का विकल्प प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने त्वरित और विस्तारित डिग्री कार्यक्रम के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को मंजूरी दे दी है। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मीडिया को बताया कि त्वरित डिग्री कार्यक्रम से छात्रों को प्रति सेमेस्टर अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करके कम समय में तीन साल या चार साल की डिग्री हासिल करने में मदद मिलेगी।

———————————————————————————

उत्तर पछुआ हवा के प्रवाह के कारण राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, घने कोहरे के कारण राज्य के विभिन्न भागों में सड़क, रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ा है। विभाग के अनुसार प्रदेश के पटना और भागलपुर जिले में मध्यम से घना स्तर का कुहासा छाया रहा। वहीं, प्रदेश के अन्य भागों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा सुबह के समय देखा गया। विभाग ने कहा है कि अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।